एक नजर में

## सीकेपी समाज की साधारण सभा आयोजित



इंदौर. चांद्रसेनिय कायस्थ प्रभु समाज इंदौर की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई। सचिव राजील कुलकर्णी ने बताया कि साधारण सभा के प्रारंभ में समाज के संरक्षक सतीश गडकरी, प्रदीप प्रधान, अध्यक्ष सुरभि गडकरी. व सभी पदाधिकारीयो द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया. सदस्यों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर संबंधित पदाधिकारियो ने दिए. अध्यक्ष सुरभि गडकरी ने इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी दी. कोषाध्यक्ष प्रशांत भिसे द्वारा आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया. बैठक में सीकेपी समाज के पदाधिकारी अमोल गुप्ते, सह सचिव निलेश गुप्ते व प्रणव राजे सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे. संचालन संगीता रणदिवे ने किया गया. आभार उपाध्यक्ष रेखा कर्णिक ने माना.

## करिश्मा कपूर जी5 के ब्राउन में मुख्य भूमिका में

इंदौर. ज़ी5 ने आज अपनी नई वेब सीरीज ब्राउन का ऐलान किया, जो कोलकाता की रहस्यमयी और अंधेरी गलियों में आधारित एक सस्पेंस से भरपूर नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर है. इस सीरीज में करिश्मा कपूर अब तक के अपने सबसे दमदार और अलग अंदाज़ में नज़र आएंगी. उनके साथ अहम किरदारों में सूर्या शर्मा, जिशु सेनगुप्ता और सोनी राजदान भी दिखाई देंगे. सीरीज का निर्देशन अभिनय देव ने किया है और इसका निर्माण ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा किया गया है, ब्राउन का प्रीमियर 5 जून को विशेष रूप से हिंदी में ज़ी5 पर होगा. हिंदी ज़ी5 की बिज़नेस हेड, कावेरी दास ने कहा ज़ी5 में हमारी हिंदी कंटेंट रणनीति ऐसी कहानियों को समर्थन देने पर केंद्रित है, जिनकी अपनी अलग आवाज़ और भावनात्मक गहराई हो, और ब्राउन उसी सोच का मजबूत उदाहरण है. ब्राउन आज के पारंपरिक क्राइम थ्रिलर्स से अलग है, क्योंकि इसकी कहानी केवल 'कातिल कौन है' जैसी पहेली पर आधारित नहीं है, बल्कि यह किरदारों की कमजोरियों, उनके पुराने ज़ख्मों और उनके भीतर के भावनात्मक बोझ को गहराई से समझने पर केंद्रित है. असल में यह सीरीज़ उन टूटे हुए, जटिल और बेहद वास्तविक किरदारों की पड़ताल करती है, जो बिना किसी दिखावे के सामने आते हैं.

## ट्रैवलपोर्ट, कॉग्निजेंट और एंथ्रोपिक ने साझेदारी की

इंदौर. कॉग्निजेंट और ट्रैवलपोर्ट साथ मिलकर एआई के जरिए सुनियोजित तरीके से बदलाव लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत ट्रैवलपोर्ट अपने ट्रैवल रिटेलिंग और डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म पर सॉफ्टवेयर बनाने, परीक्षण करने और रखरखाव की प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए एंथ्रोपिक के क्लॉड का इस्तेमाल करेगा. एआई से जुड़ी नई तकनीक को दुनिया भर की एयरलाइंस, होटल मालिकों, ट्रैवल मैनेजमेंट कंपनियों और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों तक तेज़ी से पहुँचाने के साथ-साथ ट्रैवलपोर्ट के प्लेटफॉर्म में ही एआई फीचर्स को जोड़ने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है. इस मौके पर कॉग्निजेंट के सीईओ, रवि कुमार एस. ने कहा ट्रैवल इंडस्ट्री आज भी दुनिया के सबसे उलझे हुए और जटिल टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करती है. आने वाले समय में वही कंपनियाँ आगे रहेंगी, जो आज इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में निवेश कर रही हैं. इस साझेदारी का उद्देश्य ट्रैवलपोर्ट को ऐसे टूल्स देना है, जिससे वह तेजी से आगे बढ़ते हुए लगातार बदल रहे ट्रैवल डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना कर सके और बड़े पैमाने पर बेहतरीन गुणवत्ता वाली सेवाएं दे सके.

## हार्डविन ने वित्तीय परिणाम घोषित किए

इंदौर. हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को खत्म हुई तिमाही और पूरे साल के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की. कंपनी ने वित्त-वर्ष 2025 में 18,537.39 लाख रुपए की तुलना में वित्त-वर्ष 2026 के दौरान 20,041.35 लाख रुपए की कुल आय दर्ज की. पूरे साल के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,320.58 लाख पर पहुंच गया है, जो इससे पिछले साल 1,123.12 लाख था. यह पेट में 17.58% की बढ़ोतरी दिखाता है. वित्त-वर्ष 2026 की चौथी तिमाही की बात करें, तो इस दौरान कंपनी ने 5,747.42 लाख रुपए का राजस्व और 342.94 लाख का शुद्ध लाभ दर्ज किया. रुबलजीत सिंह सयाल, प्रबंध निदेशक ने कहा कि वित्त-वर्ष 2026 के दौरान हमने तय की गई योजनाओं को सही तरीके से लागू किया है. हमारे राजस्व और मुनाफ़े में बढ़ोतरी हुई. चौथी तिमाही के नतीजों से हमें बेहद खुशी हुई है, जिससे यह बात साबित होती है कि कंपनी के बुनियादी सिद्धांत अभी भी उतने ही मज़बूत हैं. अगर भविष्य की बात करें, तो हमने वित्त-वर्ष 32 तक अपने राजस्व को 1,000 करोड़ के पार पहुँचाने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है जिसे हासिल करना संभव है.

# इंदौर में भूजल संवर्धन और वर्षा जल संचयन की बड़ी पहल

- आईआईटी रुड़की और एनआईयूए के सहयोग से 10 स्थानों पर शुरू होगी परियोजना

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर और भविष्य में संभावित जल संकट को देखते हुए इंदौर नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया है. यह परियोजना आईआईटी रुड़की के तकनीकी मार्गदर्शन तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी. परियोजना का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण करते हुए शहरी क्षेत्रों में भूजल स्तर को सुदृढ़ करना और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करना है.**

### टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ...

इस परियोजना से भूजल स्तर में सुधार, जल संकट में कमी, वर्षा जल का अधिकतम उपयोग, जलभराव की समस्या से राहत और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है. साथ ही यह पहल शहर में जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगी. नगर निगम के अनुसार इस कार्य के लिए लगभग 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है और ड्रेनेज विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.

इस पहल के तहत इंदौर को उन 75 शहरों में शामिल किया गया है, जिन्हें एनआईयूए द्वारा देशभर में चयनित किया गया है. मध्यप्रदेश से इंदौर के साथ देवास और उज्जैन भी इस योजना में शामिल हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना शहरी जल प्रबंधन की दिशा में एक मॉडल साबित हो सकती है. आईआईटी रुड़की द्वारा शहर की वर्षा पद्धति, भूगर्भीय संरचना, जलभराव की स्थिति और भूजल स्तर का विस्तृत अध्ययन किया गया. इसके बाद 20 संभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया और तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर प्रथम चरण में 10 स्थानों का चयन किया गया. इनमें नेहरू स्टेडियम, लेबर कमिश्नर कार्यालय परिसर, गांधी हॉल स्थित सूखा बोरवेल, वाघमारे का बगीचा, रीजनल पार्क, रेवती हिल्स, निपानिया क्षेत्र, वल्लभनगर बावड़ी, सिद्धेश्वर मंदिर परिसर और पीएससी ऑफिस के सामने मैदान शामिल हैं. इन सभी स्थानों पर वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से वर्षा जल को संग्रहित कर उसे फिल्टर सिस्टम से शुद्ध करते हुए शैलो एक्विफर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सके. इसके लिए कलेक्शन टैंक, फिल्टर चैंबर, रिचार्ज शाफ्ट, डायवर्जन चैनल और आधुनिक फिल्टर मीडिया जैसे रेत, एग्रीगेट एवं एक्टिवेटेड कार्बन का उपयोग किया जाएगा. साथ ही पुरानी बावड़ियों और जल संरचनाओं के पुनर्जीवन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा.

**नेहरू स्टेडियम होगी मॉडल साइट**-परियोजना के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम को मॉडल साइट के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां लगभग 5315 वर्गमीटर क्षेत्र से वर्षा जल संग्रहित कर प्रतिदिन लगभग 51 घन मीटर पानी भूजल में रिचार्ज किया जाएगा. यह व्यवस्था वर्षा ऋतु के दौरान बड़ी मात्रा में जल संरक्षण सुनिश्चित करेगी.

# सिंहस्थ को लेकर इंदौर में बनेंगे प्रतीक्षालय

- प्रशासन ने ढूंढी चार जगह पर जमीन

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सिंहस्थ को लेकर स्थानिक प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है. उज्जैन सिंहस्थ 2028 के लिए इंदौर में भी यात्री और वाहन पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे. इसके लिए शहर के बाहरी इलाकों में प्रशासन ने 10-10 हेक्टेयर जमीन ढूंढ ली है.

आज प्रदेश के अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा में इंदौर-उज्जैन संभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सिंहस्थ के तैयारियों को लेकर बैठक ली. इस दौरान राजोरा ने सिंहस्थ में भीड़ और यातायात कंट्रोल करने के लिए इंदौर , देवास, आगर , रतलाम सहित दोनों संभाग के कलेक्टरों से होल्डिंग एरिया (प्रतीक्षालय) की जानकारी मांगी. बैठक में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि शहर के बाहरी इलाकों में चार स्थानों पर जमीन का चयन किया है. इसके तहत नेशनल हाईवे 52, ग्राम मांगलिया, सुपर कॉरिडोर, इंदौर अजनोद मार्ग और उज्जैन रोड पर 10-10 हेक्टेयर जमीन ढूंढ ली है. उक्त जमीनों पर यात्रियों और यातायात को रोकने के साथ सभी सुविधाए भी विकसित की जाएगी, जिससे सिंहस्थ में आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी नहीं हो.

# देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर यात्री को घबराहट, तुरंत मिला उपचार

नवभारत न्यूज

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर शुक्रवार रात एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से घबराहट और बेचैनी बढ़ गई. हालांकि एयरपोर्ट की त्वरित मेडिकल प्रतिक्रिया के चलते स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई और यात्री को प्राथमिक उपचार के बाद राहत मिल गई.**

जानकारी के अनुसार, 47 वर्षीय बृजेश शुक्ला रात इंडिगो की फ्लाइट से पुणे जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे. वे प्रस्थान से पहले लाउंज में बैठे हुए थे, तभी अचानक उन्हें चक्कर, घबराहट, मतली और कमजोरी महसूस होने लगी.

स्थिति बिगड़ती देख वहां मौजूद एयरपोर्ट स्टाफ ने तुरंत सीआईएसएफ कंट्रोल रूम को सूचित किया, जिसके बाद मेडिकल टीम को मौके पर बुलाया गया। यात्री को तत्काल एयरपोर्ट स्थित मेडिकल इमरजेंसी रूम में ले जाकर जांच की गई. डॉक्टरों द्वारा की गई प्राथमिक जांच में उनका ब्लड प्रेशर, पल्स रेट, ऑक्सीजन लेवल और शरीर का तापमान सामान्य पाया गया. इसके बाद उन्हें आवश्यक दवाइयां और प्राथमिक उपचार दिया गया, जिससे उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हुआ. कुछ देर आराम और चिकित्सकीय सलाह के बाद यात्री को सुरक्षित रूप से अपनी निर्धारित फ्लाइट के लिए रवाना कर दिया गया.

# शिक्षा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

- ज्ञान, गौरव और नई शुरुआत का उत्सव
- डीसीबीएम में बीबीए बैच का दीक्षांत समारोह



नवभारत न्यूज

इंदौर. डेली कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट डीसीबीएम के बीबीए बैच 2023-26 का दीक्षांत समारोह डेली कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया. समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष महाराजा विक्रम सिंह जी पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उनके साथ बोर्ड के सदस्य नीलेश अग्रवाल, एडवोकेट राहुल सेठी, नवनीत बागड़ी और करण नरसरिया भी शामिल हुए, वहीं, शक्ति ग्रुप के डायरेक्टर अंकित पाटीदार तथा आईएमएस, डीएवीवी के प्रोफेसर डॉ. रजनीश जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे.

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सोनल सिसोदिया के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक भावपूर्ण भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया. समारोह के दौरान शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न बैच अवॉर्ड्स प्रदान किए गए. इसके साथ ही संस्थान की ओर से स्नातक होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विशेष केक कटिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया गया. अपने संबोधन में महाराजा विक्रम सिंह जी पुआर सहित अन्य वक्ताओं ने स्नातकों को बधाई देते हुए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, नैतिक मूल्यों का पालन करने और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल करियर निर्माण का माध्यम नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.














